हिंदी पखवाड़ा – 2019 के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं की एक झलक

कोयला मंत्रालय में 01 सितंबर, 2019 से 15 सितंबर, 2019 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया। पखवाड़े का उद्घाटन 02 सितंबर, 2019 को मंत्रालय के सम्मेलन कक्ष में उपस्थित अधिकारियों की मौजूदगी में माननीय सचिव महोदय द्वारा किया गया।

हिंदी पखवाड़े के दौरान मंत्रालय के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए हिंदी निबंध प्रतियोगिता, हिंदी टिप्पण एवं आलेखन प्रतियोगिता, हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया। साथ ही, मंत्रालय में कार्यरत ड्राइवर/एमटीएस के लिए भी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। उक्त प्रतियोगिताओं में मंत्रालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

हिंदी पखवाड़े के दौरान काव्य प्रतियोगिता तथा काव्य-गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। इनमें पंडित सुरेश नीरव, सुश्री ऋचा सूद, श्री प्रीतम सिंह प्रीतम, श्री रामचरण साथी, सुश्री श्यामा अरोड़ा तथा श्री मनोज मिश्र जैसे हिंदी के प्रमुख हस्ताक्षरों को आमंत्रित किया गया। इन कवियों ने हास्य, व्यंग्य, देशभक्ति और वीर रस से ओतप्रोत कविताएं सुनाईं। इस अवसर पर श्री रामचरण साथी जी ने राजभाषा हिंदी के महत्व को दर्शाते हुए एक कविता का पाठ किया। सभागार में मौजूद सभी श्रोता अधिकारियों/कर्मचारियों ने इन कवियों द्वारा सुनाई गई कविताओं का भरपूर आनंद उठाया।

*****

<u>हिंदी पखवाड़ा – 2019 के दौरान आयोजित काव्यगोष्ठी की कुछ तस्वीरें</u>

Eco Soft
PRESTIGE

भारत सरकार
COAL

कोयला मंत्रालय
MINISTRY OF COAL

Eco Soft